सीता मात गई पहचान | By Rajkumar Swami |

राम की मुंदरी राम की मुंदरी
लाए जब हनुमान
सीता मात गई पहचान
लंका जाई सिया सुधि लाए
पवनपुत्र हनुमान
सीता मात गई पहचान

कहे जानकी सुन हनुमंता
मेरे दिल में समाई है शंका
तन छोटा बल इतना नी शंका
किस विधि पहुँचा तू दंत लंका
राम दूत हो या कोई कपटी
रावण के यजमान
सीता मात गई पहचान

मन में राम का ध्यान लगाया
सोया मन में अंग बताया
गुंज उठे निज बल दिखलाया
इस विधि सिया का संदेह मिटाया
अजर अमर हो ओ बजरंगी
सिया ने दिया वरदान
सीता मात गई पहचान
सीता मात गई पहचान

राम दूत हो महा बलकारी
राम भूल गए याद हमारी
नैना नीर धरे सिया प्यारी
दासी को नाथ ने कैसे बिसारी
प्राणपति मेरे कब आएंगे
रामचंद्र भगवान
सीता मात गई पहचान
सीता मात गई पहचान

हनुमत बोले सुन ए भवानी
राम दल की सुन लो कहानी
कपि दल संग लक्ष्मण जाते जानि
राम तड़पते विरह में रानी
मन में धीरज धरो मेरी मैया
धरो राम का ध्यान
सीता मात गई पहचान
सीता मात गई पहचान

संकट मोचन शरण हूँ तेरी
अर्ज सुनो प्रभु करो ना देरी
मन की आशा पूरो मेरी
मंगलवार की मैं दूँगा फेरी
“माधो सिंह” तेरा सच्चे मन से

धरे हमेशा ध्यान
सीता मात गई पहचान
राम की मुंदरी दीख के आए
आए जब हनुमान
सीता मात गई पहचान
सीता मात गई पहचान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%80%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a4-%e0%a4%97%e0%a4%88-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-rajkumar-swami/